RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 31 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 98 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# संभाजी भिडे से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं...

## फडणवीस ने बापू पर अभद्र टिप्पणी मामले में दी सफाई

मुंबईः महात्मा गांधी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिडे बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं। पहले राजापेठ पुलिस द्वारा मामला दर्ज करना और अब डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के तीखे बयान भिडे को मुश्किल में डाल सकते हैं। फडणवीस ने साफ कह दिया है कि भिडे का भाजपा से कोई संबंध नहीं है, उनका अपना संगठन है। वहीं, उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा।



**भाजपा से कोई संबंध नहीं**

फडणवीस ने साफ कहा कि संभाजी भिडे का भाजपा से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि भिडे का अपना संगठन है। इसे जानबूझकर राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है। गौरतलब है, महाराष्ट्र के अमरावती जिले की पुलिस ने महात्मा गांधी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिडे के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बताया था कि राजापेठ पुलिस ने भिडे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव बिगाड़ने लिए हानिकारक कार्य करना) के तहत मामला दर्ज किया है। कांग्रेस ने श्री शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान संगठन के संस्थापक भिडे पर अमरावती जिले में गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण में राष्ट्रपिता के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है।

### भिडे के बयान की निंदा...

**महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने संभाजी भिडे के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं। उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के नेता के रूप में देखा जाता है। उनके खिलाफ बयान देना अनुचित है। लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। महात्मा गांधी का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

### कांग्रेस पर निशाना

**उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के लोग सड़कों पर उतरकर इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं। उन लोगों को तब भी ऐसे ही बोलना चाहिए था, जब राहुल गांधी ने वीर सावरकर के खिलाफ टिप्पणी की थी। लेकिन उस समय तो कांग्रेस चुप रहते हैं।**

# अगर एमवीए के तीनों दल ठान लें तो महाराष्ट्र में हो सकता है बदलाव...

## उद्धव और थोराट के सामने बोले शरद पवार



**मुंबईः** एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) में शामिल उनकी पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) अगर ठान लें तो महाराष्ट्र में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार से संपर्क करना बहुत ही मुश्किल है। पवार मुंबई में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट के साथ मंच साझा किया। पवार ने याद किया कि कैसे पिछली सरकारों ने प्राचीन कला और संस्कृति, साहित्य और इतिहास को संरक्षित करने में मदद की। उन्होंने कहा, 'लेकिन अब हमारे लिए मौजूदा सरकार के साथ काम करना मुश्किल है, परंतु कोई समाधान निकलना चाहिए। अगर हम तीनों (एमवीए के घटक) फैसला कर लें तो बदलाव हो सकता है।' इस महीने की दो जुलाई को अजित पवार के बगावत करने और इसकी वजह से एनसीपी में 'टूट' होने के बाद एमवीए के तीनों नेताओं ने पहली बार मंच साझा किया।

# महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण को फोन और ई-मेल से मिली धमकी...

### पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण को रविवार को धमकी मिली है। अज्ञात आरोपी ने फोन और ई-मेल के जरिए ये धमकी दी है। इस घटना से राज्य में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने कराड के पाटन कॉलोनी स्थित चव्हाण के आवास की और उनकी निजी सुरक्षा बढ़ा दी है। इस मामले में कराड शहर पुलिस स्टेशन में फोन और ई-मेल के जरिए धमकी देने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में नांदेड़ से एक शख्स को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक उसकी पुष्टि नहीं की है।



**कांग्रेस का संभाजी भिड़े के खिलाफ विरोध प्रदर्शन**

महात्मा गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता राज्य के विभिन्न हिस्सों में संभाजी भिड़े के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस ने भिड़े की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा, अगर राज्य सरकार भिड़े को गिरफ्तार नहीं करती है, तो कांग्रेस 4 अगस्त को विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त होने के बाद पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन करेगी।

### चव्हाण ने विधानसभा में भिड़े के खिलाफ अपनाया आक्रामक रुख

**गौरतलब है कि पृथ्वीराज चव्हाण ने महात्मा गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को विधानसभा में आक्रामक रुख अपनाया और संभाजी भिड़े की गिरफ्तारी की मांग की थी। चव्हाण ने कहा, अमरावती में संभाजी भिडे नामक व्यक्ति ने राष्ट्रपिता के खिलाफ बेशर्मी और अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे समाज में नफरत फैलेगी।उन्होंने कहा, इस व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। राष्ट्रपिता के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद वह कैसे खुला घूम सकता है?विधानसभा में हंगामे के बाद स्पीकर राहुल नार्वेकर ने पृथ्वीराज चव्हाण द्वारा उठाए गए मुद्दे पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।**

# मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर ने ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए 13 साइबर सेल का उद्घाटन किया

**मुंबई :** मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर ने शुक्रवार को 13 साइबर सेल का उद्घाटन किया - 13 पुलिस क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक।उद्घाटन करते समय, उन्होंने साइबर रोकथाम की अत्यंत आवश्यकता का उल्लेख किया जो साइबर अपराध में जांच से निपटने के लिए बल को प्रशिक्षण देने से शुरू होती है। साइबर शील्ड 13 'विशेष' साइबर सेल भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से 'साइबर शील्ड' नामक परियोजना के तहत लॉन्च किए गए हैं। हर जोन में ये साइबर सेल पुलिस स्टेशनों के लिए जोनल सेल स्तर पर सीधे संपर्क करने में लाभकारी होंगे, जहां वे साइबर अपराधों में मदद ले सकते हैं। प्रेस से बात करते हुए, फणसलकर ने कहा कि वे मुंबई पुलिस के प्रत्येक कांस्टेबल और अधिकारी को प्रशिक्षित करने का









लक्ष्य रख रहे हैं - साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा और साइबर जांच के 101 - साइबर से संबंधित अपराधों में वृद्धि को देखते हुए - रिपोर्ट किए गए और गैर-रिपोर्ट किए गए दोनों।

भारतीय स्टेट बैंक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा - जिसका उपयोग साइबर कोशिकाओं में किया जाएगा। मुंबई पुलिस के पास पहले से ही प्रत्येक पुलिस स्टेशन में साइबर इकाइयाँ हैं जहाँ साइबर से संबंधित आपराधिक अपराधों से निपटने के लिए दो से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। फणसलकर ने कहा, कहा जाता है कि ये नए लॉन्च किए गए साइबर सेल क्षमताएं बढ़ाएंगे क्योंकि मामलों की संख्या बढ़ रही है और हमें इस खतरे से लड़ने के लिए पर्याप्त से अधिक काम करने की जरूरत है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### मणिपुर में विपक्षी सांसद

विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के 21 सांसदों का एक दल इस उद्देश्य से दो दिन के लिए मणिपुर पहुंचा है, ताकि हिंसा पीड़ित लोगों के दुख-दर्द को समझने के साथ वहां की स्थितियों को जाना जा सके। यदि इस दल में शामिल सांसदों का यही उद्देश है तो उनकी पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन इस नए बने गठबंधन के कुछ नेता जिस तरह यह आरोप उछाल रहे हैं कि मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, वह सब सरकार करवा रही है, उससे सहज ही समझा जा सकता है कि उनका मकसद अपनी राजनीति चमकाना और राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करना है।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसी मकसद से आइएनडीआइए ने संसद में मणिपुर पर चर्चा नहीं होने दी। इस गठबंधन के सांसदों ने संसद के भीतर-बाहर हंगामा करके यह जताने की खूब कोशिश की कि वे मणिपुर को लेकर द्रवित हैं, लेकिन आखिर किसी विषय पर स्वयं को संवेदनशील दिखाने के लिए हंगामा करना आवश्यक होता है या फिर उस पर धीर-गंभीर चर्चा करना? नि:संदेह मणिपुर की घटनाओं के लिए राज्य सरकार के साथ केंद्रीय सत्ता भी जवाबदेह है, लेकिन ऐसे आरोप लगाना सस्ती राजनीति के अलावा और कुछ नहीं कि केंद्र और राज्य की सरकार ने वहां हिंसा रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

मणिपुर में कोई पहली बार विभिन्न गुटों के बीच हिंसा नहीं हुई। वहां गुटीय हिंसा, तनाव और नाकाबंदी का लंबा इतिहास रहा है। वहां के विभिन्न समुदायों में वैमनस्य के चलते इतने भीषण हिंसक टकराव हुए हैं कि सैकड़ों लोग मारे गए हैं और गांव के गांव जलाए गए हैं। अच्छा हो कि मणिपुर पहुंचा सांसदों का दल वहां के लोगों को शांति के साथ मिलकर रहने का संदेश दे और उन कारणों की पहचान भी करे, जिनके चलते वहां के हालात बिगड़ते रहते हैं। उसे वहां के समुदायों को यह संदेश भी देना होगा कि हिंसा किसी समस्या का हल नहीं और हिंसक टकराव के दौरान महिलाओं को निशाना बनाना और उनका यौन उत्पीड़न किया जाना प्रदेश और देश के लिए शर्मिंदगी की बात है। ऐसा कोई संदेश तभी दिया जा सकता है, जब विपक्षी सांसद दलगत राजनीति से ऊपर उठेंगे।

अभी तो उनकी यही कोशिश दिखती है कि कैसे भी हो, मोदी सरकार को दोषी करार दिया जाए। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। राजनीतिक दल विरोधी दल शासित राज्य की किसी गंभीर घटना पर तो खूब शोर मचाते हैं और वहां जाने को तत्पर भी रहते हैं, लेकिन उनकी यह तत्परता तब गायब हो जाती है, जब कोई बड़ी घटना उनके अपने शासन वाले राज्य या फिर सहयोगी दल शासित राज्य में हो जाती है। आखिर यह एक तथ्य है कि अभी बंगाल में पंचायत चुनावों के दौरान भीषण हिंसा हुई, जिसमें अनेक लोग मारे गए, लेकिन आइएनडीआइए के अधिकतर घटक उस पर मौन ही साधे रहे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# उद्धव ठाकरे नानार परियोजना का विरोध कर पाकिस्तान की मदद कर रहे थे?

## बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री आशीष शेलार का आरोप



**मुंबईः** बीजेपी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार ने शनिवार को हैरानी जताते हुये पूछा कि क्या उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना नानार रिफाइनरी परियोजना का विरोध करके पाकिस्तान की मदद कर रही थी। इस परियोजना को महाराष्ट्र में स्थापित किया जाना था। बीजेपी की तत्कालीन गठबंधन सहयोगी शिवसेना (अविभाजित) ने तटीय रत्नागिरी जिले में प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों के एक वर्ग के साथ आगामी ग्रीनफील्ड परियोजना का विरोध किया था। शेलार की आलोचना उस खबर के एक दिन बाद आई है जिसमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान की सरकारी स्वामित्व वाली चार पेट्रोलियम कंपनियों ने ग्वादर बंदरगाह में 10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ पाकिस्तान की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी बनाने के लिए सऊदी अरब के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। बीजेपी विधायक ने आश्चर्य जताया कि क्या परियोजना पर शिवसेना (यूबीटी) के विरोध से कोंकण, महाराष्ट्र और भारत को नुकसान हुआ है। शेलार ने ट्वीट में एक खबर का हवाला दिया जिसमें सऊदी अरब की कंपनी अरामको द्वारा ग्वादर में पाकिस्तान की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी बनाने के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की बात कही गई थी। उन्होंने ट्वीट किया, 'क्या अंतरराष्ट्रीय ताकतें, जो यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही थीं कि परियोजना भारत को न मिले, नानार विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थीं।

### एकनाथ शिंदे के गढ़ में गरजे उद्धव ठाकरे

**शनिवार को ठाणे में आयोजित हिंदीभाषी सम्मेलन में उद्धव ठाकरे ने बीजेपी और एकनाथ शिंदे शिवसेना पर निशाना साधते हुए बीजेपी को सबसे भ्रष्ट बताया। उन्होंने कहा कि आजकल राजनीति के बाजार में भी बहुत चाइनीज माल हो गए हैं, जो खुद को शिवसेना से ऊपर समझने लगे हैं। उद्धव ने कहा कि वह चुनौती को अवसर के रूप में देखते हैं और परीक्षा कठिन समय में ही होती है। वह खुलेआम कांग्रेस के साथ गए थे, न कि रात के अंधेरे में पलायन कर मुख्यमंत्री बने थे। जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है, वही सत्ता में बैठे हैं। उद्धव ने उत्तर भारतीयों के साथ पारिवारिक रिश्ता बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र मेरी जिम्मेदारी है और महाराष्ट्र सभी उत्तर भारतीयों का दूसरा घर है। मैं तानाशाही को कभी बर्दाश्त नहीं करूंगा, क्योंकि मैं बालासाहेब ठाकरे का बेटा हूं।**

## मुंबई/ न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।



**मुंबईः** न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने शनिवार को बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। दोपहर में राजभवन में आयोजित एक समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने न्यायमूर्ति उपाध्याय को शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति उपाध्याय बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) के रूप में पदोन्नत होने से पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश थे। उन्हें 21 नवंबर, 2011 को इलाहाबाद लउ के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। 16 जून 1965 को जन्मे उपाध्याय ने 1991 में लखनऊ विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस शामिल हुए। न्यायमूर्ति उपाध्याय के नाम की सिफारिश 6 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की थी। राष्ट्रपति ने उन्हें 24 जुलाई को बॉम्बे एचसी के सीजे के रूप में नियुक्त किया था। चार दिनों के संक्षिप्त कार्यकाल के बाद 30 मई को सीजे आरडी धानुका के सेवानिवृत्त होने के बाद से बॉम्बे हाई कोर्ट के सीजे का पद खाली था। न्यायमूर्ति नितिन जामदार तब से बॉम्बे एचसी के कार्यवाहक सीजे हैं। उनकी नियुक्ति के साथ, बॉम्बे हाई कोर्ट 94 की स्वीकृत शक्ति के मुकाबले 67 न्यायाधीशों के साथ कार्य करेगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले शरद पवार एनडीए में हो जाएंगे शामिल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले का बड़ा बयान



**मुंबईः** पार्टी में पड़ी भारी फुट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साल 2024 के लोकसभा चुनाव में पराजित करने के लिए विपक्ष को एकजुट करने में पूर्व केंद्रीय मंत्री और राकांपा प्रमुख शरद पवार की अहम भूमिका है.इस बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शरद पवार को लेकर बड़ा बयान दिया है.जिसे लेकर राज्य के राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है.शनिवार को मीडिया से बातचीत में बावनकुले ने कहा कि साल 2024 लोकसभा चुनाव से पहले शरद पवार भाजपा का समर्थन करेंगे। एनडीए में शरद पवार के एंट्री को लेकर बावनकुले ने कहा, की मुझे लगता है कि मौजूदा हालात में भले ही शरद पवार की भूमिका अलग है, लेकिन राकांपा के अधिक विधायक और सांसद अजित पवार के साथ हैं. इसलिए समय के साथ शरद पवार भी आने वाले महीनों में एनडीए में शामिल होने पर जरूर विचार करेंगे. उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि राज्य और देश के हित के लिए सभी लोगों को एक साथ आना चाहिए।' उनकी पार्टी एक है. समय के साथ विचार बदलते हैं। इसमें कुछ समय लगता है उन्होंने कहा कि शरद पवार ने भले ही अभी एनडीए के साथ आने पर मना कर दिया है साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले वे भाजपा का करते हुए एनडीए में शामिल हो जाएंगे। बावनकुले ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष असमंजस की स्थिति है. जैसे-जैसे वर्ष 2024 नजदीक आएगा,वैसे -वैसे विपक्ष की सीटों की संख्या घट जाएगी।




# 'विपक्षी दलों की बैठक के लिए मुंबई न आएं सीएम नीतीश कुमार'

## जानें- रामदास आठवले ने क्यों दी ऐसी सलाह



**महाराष्ट्र :** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'अच्छे संबंधों' के बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल (यू) के राजग से बाहर निकलने पर अफसोस जताया और कुमार को अगले महीने होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शिरकत नहीं करने की सलाह दी. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के नेता आठवले ने कहा, ''कोई फायदा नहीं है.'' उन्होंने कहा कि मेरी नीतीश के लिए यही सलाह है कि वह बैठक में भाग लेने से दूर रहें. गैर भाजपा दलों के गठबंधन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की मुंबई में अगले महीने बैठक होने की संभावना है. इस महीने की शुरूआत में बेंगलुरु में हुई बैठक में नये नाम की घोषणा के बाद मीडिया के एक हलके में लगायी गई अटकलों का जिक्र करते हुए आठवले ने कहा, ''ऐसा लगता है कि वह उस खेमे में खुश नहीं हैं. वह उपनाम 'इंडिया' से नाखुश थे, लेकिन राहुल गांधी भारी पड़े.''

### आठवले के साथ नीतीश भी केंद्रीय मंत्री थे

हालांकि, खुद नीतीश कुमार ऐसी अटकलों को खारिज कर चुके हैं और कहा है कि विपक्षी गठबंधन का नया नाम सर्वसम्मति से तय किया गया था. दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में आठवले के साथ नीतीश भी केंद्रीय मंत्री थे. क्या वह भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में नीतीश कुमार की वापसी के पक्ष में हैं? इस सवाल के जवाब में आठवले ने कहा, '' इस पर निर्णय नीतीश कुमार और भाजपा को लेना है. आरपीआई नेता ने संभवत: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बार-बार किये गये उस दावे को ध्यान में रखते हुए यह टिप्पणी की कि अब से जदयू प्रमुख के साथ कोई समझौता नहीं होगा.'' कुछ समारोहों में भाग लेने के लिए यहां आए केंद्रीय मंत्री ने टिप्पणी की कि उन्होंने राज्य के कुछ हिस्सों की यात्रा की और इस दौरान मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार द्वारा किए गए अच्छे कार्यों से प्रभावित हुए हैं.

### छह साल पहले राजग में क्यों शामिल हुए?

उन्होंने कहा, ''लेकिन वह अब अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ हैं. मुझे आश्चर्य है कि अगर उन्हें ऐसा करना था, तो वह छह साल पहले हमारे (राजग) में क्यों शामिल हुए.'' उन्होंने जदूय के इस आरोप को खारिज कर दिया कि नरेन्द्र मोदी सरकार बिहार की चिंताओं को नजरअंदाज कर रही है. उन्होंने कहा, ''बिहार के कई लोग केंद्र में मंत्री हैं. राज्य के लोगों को हम अपना समझते हैं. राज्य के लिए निर्धारित हर पैसा हमारे द्वारा जारी किया जाता है. '' महाराष्ट्र के दलित नेता आठवले ने कहा कि वह जाति आधारित जनगणना की मांग के समर्थक हैं. उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी का आधिकारिक रुख भी यही रहा है.

# महाराष्ट्र एटीएस ने रत्नागिरी से एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार,

## संदिग्ध आतंकियों की फंडिंग का आरोप



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने दो संदिग्ध आतंकियों की वित्तीय मदद करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी रत्नागिरी जिले का निवासी है। आरोपी को पूछताछ के लिए एटीएस ने पहले भी हिरासत में लिया था लेकिन बाद में छोड़ दिया था। अब जांच के आधार पर आरोपी की संलिप्तता मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कोथरुड पुलिस ने किया गिरफ्तार

बता दें कि पुणे की कोथरुड पुलिस ने बीती 18 जुलाई को दो संदिग्ध आतंकियों को पुणे से गिरफ्तार किया था। संदिग्ध आतंकियों की पहचान मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान (23 वर्षीय) और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी (24 वर्षीय) के रूप में हुई है। इन्हें शरण देने के आरोप में पुणे पुलिस ने अब्दुल कादिर दस्तगीर पठान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। अब रत्नागिरी से भी एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है लेकिन अभी तक उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक अन्य संदिग्ध को भी नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है।

### आतंकियों के पास से मिला विस्फोटक

हाल ही में एटीएस ने पुणे पुलिस से जांच अपने हाथ में ली है। एटीएस ने कहा है कि संदिग्ध आतंकियों के पास से काला विस्फोटक पाउडर, लैपटॉप, ड्रोन के हिस्से और अरबी में लिखी किताबें बरामद की। संदिग्धों के पास से एक तंबू भी मिला है। माना जा रहा है कि संदिग्ध पुणे के आसपास के जंगलों में रहने के लिए यह तंबू खरीदा गया था।

# अचानक धू-धू कर जल उठा तेल टैंकर...

## जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे लोग।



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पोलादपुर तालुका में कशेडी घाट के पास शनिवार (29 जुलाई) देर रात एक चलते टैंकर में आग लग गई. हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत की कोई सूचना नहीं है. घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया. जानकारी के अनुसार, चलते टैंकर में आग लगने की वजह से सड़क के दोनों दिशाओं से आ रहे वाहनों को घटनास्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर ही रोक दिया गया था जिसे अब खोल दिया गया है.

रायगढ़ पुलिस ने कहा, '29 जुलाई की देर रात रायगढ़ जिले के पोलादपुर तालुका में कशेडी घाट के पास एक चलते तेल टैंकर में अचानक से आग लग गई. पुलिस ने आगे कहा हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है औप आग बुझा दी गई और राजमार्ग पर यातायात खोल दिया गया. घटना में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है.

# महाराष्ट्र में नाबालिग लड़की का जबरन धर्मांतरण कराने की कोशिश,

## महिला टीचर समेत 8 पर केस.... 4 आरोपी गिरफ्तार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में ट्यूशन पढ़ाने के नाम पर महिला टीचर की ओर से नाबालिग लड़की का जबरन धर्मांतरण का प्रयास करने का मामला सामने आया है. पीड़ित लड़की का आरोप है कि मना किए जाने पर उसे धमकाया और डराया जाता था. पीड़िता का आरोप है कि उसकी तरह ही कई और लड़कियां हैं जिनका जबरन धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया गया. मिली जानकारी के मुताबिक, अहमदनगर जिले के उंबरे गांव के राहुरी पुलिस स्टेशन में बीती 27 जुलाई को एक नाबालिग लड़की ने अपनी महिला ट्यूशन टीचर और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. कुल 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

### इसी महीने सामने आया था

### मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने अब तक इस मामले के कुल आठ आरोपियों में से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है. इससे पहले 17 जुलाई को भी महाराष्ट्र में जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया था. न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि ठाणे जिले के नया नगर इलाके में 22 वर्षीय महिला का अपहरण करने और उससे जबरन शादी कराने के आरोप में पांच लोगों पर मामला दर्ज किया गया था.

### नाबालिग लड़की ने लगाए ये आरोप

नाबालिग लड़की के मुताबिक इस मामले में आरोपी ट्यूशन टीचर हिना शेख उसपर दूसरे धर्म के लड़कों से दोस्ती करने और उनसे बातचीत करने का दवाब बनाती थी. इसमें आगे कहा गया कि हिंदी और उर्दू में बात करने की सलाह दी जाती थी. मना करने पर तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जाती थी.

### धर्मांतरण का मामला

नया नगर पुलिस थाने के निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने कहा कि आरोपियों में एक व्यक्ति, उसकी मां और शादी कराने वाला मौलाना शामिल है. पीड़िता और आरोपी की मुलाकात 2021 में एक कंप्यूटर क्लास में हुई थी. इस साल मार्च में आरोपी ने लड़की को बताया कि उसके पास उसकी नग्न तस्वीरें हैं.

# ठाणे जिले में इमारत की बिजली काटने गए कर्मचारियों पर हमला, दो घायल



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में निवासियों ने खतरनाक घोषित की गई इमारत में बिजली आपूर्ति काटने गए निजी बिजली वितरण कंपनी के दो कर्मचारियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि तकनीशियन और एक कार्यकारी समेत बिजली वितरण कंपनी की टीम शुक्रवार शाम चार बजे भिवंडी कस्बे के देवजी नगर में खतरनाक इमारत की बिजली काटने पहुंची। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के स्थानीय नेता की अगुवाई में 10 लोगों के समूह ने टीम से हाथापाई और गाली-गलौज की। उन्होंने कहा कि हमले में दो लोग घायल हो गए।




# सीएसआर फंड से मुंबई में बनेंगे दो मंजिला शौचालय !

## खराब पब्लिक टॉयलेट के निर्माण से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नाराज...

### बीएमसी ने लॉट -12 के अंतर्गत 559 लोकेशन पर दो मंजिला शौचालय बनाएगी

**मुंबई:** लगभग 53 हजार करोड़ के बजट वाली मुंबई महानगर पालिका के लिए अब शौचालयों का निर्माण कार्पोरेट कंपनियों के सीएसआर फंड से होगा। पिछले दिनों एक बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के बदहाल शौचालयों को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने मुंबई में 20 हजार नए शौचालयों के निर्माण का निर्देश दिया, जिसके बाद बीएमसी ने लॉट-12 के तहत 14 हजार से अधिक शौचालय सीटों को उपलब्ध कराने की योजना बनाई। बता दें कि सीएम के निर्देश के बाद मुंबई में बड़ी



संख्या में शौचालय की कमी दूर करने के लिए बीएमसी ने लॉट -12 के अंतर्गत 559 लोकेशन पर दो मंजिला शौचालय बनाने का निर्णय लिया है। इन लोकेशंस पर पहले सिंगल फ्लोर के शौचालय बने थे। इसके बाद इन शौचालयों में लगभग 14600 सीटें अतिरिक्त उपलब्ध हो जाएंगी।

**500 करोड़ रुपये होंगे खर्च**

सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए बीएमसी की ओर से करीब 500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। टेंडर भी निकाला गया है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि यह टेंडर रद्द भी हो सकता है। सरकार के निर्देश के बाद कार्पोरेट कंपनियों के सीएसआर फंड से शौचालयों को बनाए जाने की योजना है।

**बीएमसी की यह है योजना**

बता दें कि देश की सबसे अमीर महानगर पालिका में शामिल बीएमसी अपने नागरिकों को आवश्यकता के अनुसार शौचालय उपलब्ध कराने में असफल रही है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति स्लम में है। मुंबई की लगभग 60 प्रतिशत आबादी स्लम में रहती है। बीएमसी की ओर से लॉट-1 और 2 के तहत मुंबई में बनाए गए शौचालयों को तोड़ कर वहां दो मंजिला शौचालय बनाया जाएगा। सभी 24 वार्डों में सर्वे किया गया है। वार्डों से जानकारी मांगी गई है। स्लम एरिया में सबसे ज्यादा मांग है। हर शौचालय में एक सीट दिव्यांगों के लिए आरक्षित रखी जाएगी। लॉट 11 में करीब 19000 टॉयलेट सीट मुंबई में बनाई गई थी। मुंबई शहर की बात करें तो यहां 8500 से अधिक सार्वजनिक शौचालय हैं, जिसमें 113 यूरिनल, 5136 टॉयलेट सीट, महिलाओं के लिए 61 बॉथरूम भी शामिल हैं। पुरुषों के लिए सिटी में 3705 यूरिनल और 8305 टॉयलेट सीट हैं। पिछले वर्ष एक सामाजिक संस्था ने मुंबई में टॉयलेट की स्थिति पर सर्वे किया था।

### पालक मंत्री की पहल

मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मुंबईकरों को आधुनिक सुविधाओं से लैश शौचालय उपलब्ध कराने के लिए निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है। उन्होंने सीएसआर फंड के तहत कंपनियों से शौचालय के लिए निधि उपलब्ध कराने को कहा है। इसके बाद कई कंपनियां मुंबई में आधुनिक सुविधाओं से लैस शौचालय उपलब्ध कराने के लिए आगे आई हैं। लोढ़ा ने पिछले दिनों बीएमसी कमिश्नर से मिलकर शौचालय उपलब्ध कराने वाली कंपनियों के बारे में जानकारी हासिल की है। कमिश्नर आई. एस. चहल ने बताया कि लॉट-12 के तहत शौचालय बनाने के लिए जो टेंडर निकाला गया है, उसे अभी रद्द नहीं किया गया है। प्रशासन ने मुंबई में शौचालय बनाने वाले स्थानों की सूची तैयार करने पर जोर दिया है।

## देश में पहली बार गोबर से बनेगी राखियां, कई राज्यों में भेजा जाएगा...



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है. इन्हीं में से राखी उद्योग एक है. स्वसहायता समूह इन दिनों गोठानों में गोबर की राखियां तैयार कर रहे हैं. पिछले कुछ सालों में इन राखियों की डिमांड छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में बढ़ी है. लोगों को इको फ्रेंडली राखियां बहुत पसंद आ रही है. देश में पहली बाद बार राखी के त्यौहार में गोबर से बनी राखियां बाजार में रंग जमाने वाली है. इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ की गोबर की बनी राखियों की डिमांड छत्तीसगढ़ के साथ गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत कई बड़े राज्यों के बाजारों में है. रायपुर के गौठानों में महिलाएं गोबर की सुंदर राखियां तैयार कर रही हैं. इसके लिए अयोध्या से राखियों का आर्डर भी रायपुर पहुंचा है. इस रक्षाबंधन में करीब 3 हजार से ज्यादा राखियां रायपुर के गोकुल नगर गौठान में तैयार की जा रही है।

पिछले साल एक गोठान को ही विभिन्न राज्यों से लगभग 70 हजार राखियों की मांग आई थी. गौरतलब है कि गोशाला में महिलाएं और युवतियां आकर्षक डिजाइन में इन राखियों को तैयार कर रही है. गोशाला में बन रही राखियां पूरी तरह इको फ्रेंडली है. इसमें गोबर, औषधियुक्त पौधों के रस, मौली धागा और हल्के रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि आकर्षक लुक में नजर आएं. यही कारण है कि इन राखियों की मांग कई महानगरों से आने लगी है. रायपुर के गोठान में जो राखियां तैयार की जा रही है, इन राखियों में खास बात यह है कि हर राखी के बीच में तुलसी के बीज भी डाले गए हैं, जिससे अगर इन राखियों को मिट्टी से भरे गमले में डाला जाएगा तो उसमें से भी पौधा अंकुरित हो जाएगा.

## मुंबई पुलिस अधिकारी सुधीर कुडालकर जो जानवरों के प्रति उनके प्रेम के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है

**मुंबई :** पुलिस अधिकारियों की बात करते हैं तो अक्सर एक अलग ही छवि दिमाग में आती है। उन्हें आमतौर पर पत्थरदिल, असंवेदनशील और भ्रष्ट भी माना जाता है। अक्सर इन अनुमानों में यह तथ्य भुला दिया जाता है कि वे भी इंसान हैं। पुलिस भी दयालु हो सकती है और इसका एक ज्वलंत उदाहरण वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधीर कुडालकर हैं। कुडालकर को जानवरों के प्रति उनके प्रेम के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। वर्तमान में बोरीवली पश्चिम में एमएचबी पुलिस स्टेशन में तैनात इंस्पेक्टर, स्टेशन परिसर में हर दिन लगभग आठ से नौ आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं।

पुलिस कर्मी ने हाल ही में अपने पालतू परिवार में एक प्यारी सी बिल्ली का स्वागत किया है। बिल्ली हाल ही में 15 दिनों के लिए लापता हो गई थी। सौभाग्य से, वह वापस आ गई और वह



अब उसके कॉलर पर एक क्यूआर कोड रखता है ताकि अगर वह फिर कभी भटकती है तो उसे आसानी से ट्रैक किया जा सके। प्रारंभिक जीवन में ही करुणा के बीज अंकुरित हो गए जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने जानवरों का पालन-पोषण कैसे करना शुरू किया, तो उन्होंने बताया, ''ऐसा लगता है कि यह मेरे डीएनए में है; मुझे बचपन से ही जानवर पसंद हैं। एक बार, मेरी पत्नी और उसके पशु प्रेमियों के समूह ने एक फारसी बिल्ली को उसके अपमानजनक मालिक से बचाया था। बिल्ली ने हमला सहा था और पूरी रात रोती रही थी। हमने उसे अपने कब्जे में लेने का फैसला किया और तब से, हमारे पशु परिवार का विस्तार हो रहा है।'' कुडालकर अपने गश्त के दौरान आवारा कुत्तों और अन्य जानवरों को खिलाने के लिए अपने वाहन में पानी का डिब्बा, भोजन और एक कटोरा रखते हैं विशेष व्यवस्था कुडालकर अपनी गश्त के दौरान आवारा कुत्तों और अन्य जानवरों को खिलाने के लिए अपने वाहन में पानी का डिब्बा, भोजन और एक कटोरा ले जाना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं। वह एक कार्यशील व्यक्ति हैं और उनकी टीम भी सक्रिय रूप से उनके प्रयासों का समर्थन करती है।

कोविड महामारी के दौरान, कुडालकर ने जानवरों के लिए हर संभव प्रयास किया। कई महीने पहले, उन्होंने और उनकी टीम ने 150 साल पुराने कछुए को बचाया, जिससे उन्हें पेटा (पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स), एडब्ल्यूबी (एनिमल वेलफेयर बोर्ड), पुलिस विभाग और विभिन्न संगठनों से मान्यता और सराहना मिली। महाराष्ट्र सरकार, जिन्होंने उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया।




# विनोद तावडे और ताकतवर, पंकजा मुंडे को भाव

## फडणवीस को किनारे लगाने की तैयारी में बीजेपी?

**– तावडे हुए और ताकतवर, फिर से बनाए गए महामंत्री**

**पंकजा मुंडे को लोकसभा चुनाव लड़ाने का इशारा**

**– सुनील देवधर को मिल सकती है नई जिम्मेदारी**

**– देवेंद्र फडणवीस के विरोधी हैं विनोद तावडे**





**मुंबई:** केंद्रीय नेतृत्व को महाराष्ट्र बीजेपी के दिग्गज नेता विनोद तावडे का काम रास आ रहा है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें लगातार दूसरी बार महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि केंद्रीय टीम में दोबारा मौका मिलने से महाराष्ट्र की राजनीति में तावडे पहले से ज्यादा पावरफुल बन गए हैं। केंद्रीय नेतृत्व में तरुण चुग और सुनील बंसल के बाद विनोद तावडे तीसरे सबसे पावरफुल चेहरा बन गए हैं। तावडे के ताकतवर बनने से महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के करीबियों में बेचैनी बढ़ गई है। नड्डा की ओर से घोषित नई टीम में महाराष्ट्र से विनोद तावडे के अलावा राष्ट्रीय सचिव पद पर पंकजा मुंडे को बरकरार रखा गया है। महाराष्ट्र प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विजय रहाटकर को भी राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है, लेकिन महाराष्ट्र से किसी को केंद्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नहीं बनाया गया।

### सुनील देवधर आंध्र के प्रभारी

राष्ट्रीय सचिव पद पर रहे सुनील देवधर को पार्टी ने पद से हटा दिया है, लेकिन आंध्र प्रदेश का प्रभारी बनाए रखा है। वहीं, केंद्रीय महासचिव पद के साथ महाराष्ट्र प्रभारी पद से सी.टी. रवि की छुट्टी हो गई है। हालिया कर्नाटक विधानसभा चुनाव में वे चुनाव हार गए गए थे। अब जल्द ही महाराष्ट्र बीजेपी को नया प्रभारी मिलने की उम्मीद है। दिल्ली में महाराष्ट्र के नए प्रभारी के रूप में कैलाश वर्गीस के नाम की चर्चा है।

### तावडे को अधिक पावरफुल बनाने की वजह

केंद्रीय बीजेपी नेतृत्व में विनोद तावडे को और ताकत दी गई है। माना जा रहा है कि तावडे ने अपने पहले कार्यकाल में पार्टी के लिए सराहनीय काम किया है, जिसका इनाम पार्टी ने उन्हें दोबारा राष्ट्रीय महामंत्री बना कर दिया है। अपने काम के दम पर काफी कम समय में तावडे प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के करीबी नेताओं में शामिल हो गए हैं। पार्टी तावडे को लंबी रेस का घोड़ा मानकर चल रही है। केंद्रीय नेतृत्व में तावडे को मजबूती मिलने से महाराष्ट्र में अगर किसी नेता की परेशानी और बढ़ेगी, तो वह देवेंद्र फडणवीस हैं। वैसे भी केंद्रीय नेतृत्व के साथ फडणवीस के रिश्ते में खटास सामने आई है। बोरीवली विधानसभा से टिकट काटने से लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में तावडे को साइड करने का श्रेय फडणवीस को दिया जाता है, लेकिन तावडे ने केंद्र में अपनी अलग जगह बनाकर फडणवीस के समर्थकों को चिंता में डाल दिया है।

### नड्डा ने फडणवीस विरोधियों को बनाया

हाई कमान ने महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के विरोधियों को केंद्रीय नेतृत्व टीम में जगह देकर उन्हें ताकत दी है। इनमें विनोद तावडे और पंकजा के नाम प्रमुख हैं। विनोद तावडे बिहार के प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। साथ ही उन पर 144 लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी भी है, जिस पर बीजेपी काफी कम अंतर से हारी थी। पंकजा मुंडे को भी फडणवीस का विरोधी माना जाता है। बीच में उनके एनसीपी में जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन पार्टी ने सचिव पद पर बरकरार रख कर उन्हें ताकत देने की कोशिश की है। वे महाराष्ट्र बीजेपी में ओबीसी का चेहरा हैं। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी पंकजा को मैदान में उतारेगी।

# पर्यावरण का नाश करके मुंबईकरों का विकास नहीं चाहिए - सुनील प्रभु



**मुंबई** : राज्य वृक्ष प्राधिकरण ने एरियल सर्वे किया और हैरिटेज वृक्षों के संवर्धन करने के लिए योजना लाई। पर्यावरण का नाश करके मुंबईकरों का विकास नहीं चाहिए। दूसरी ओर 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर वृक्षों की कटाई करना योग्य नहीं है। वृक्षों की सीधे कटाई के संदर्भ में स्थानीय प्राधिकरण की ओर से अनुमति दी जानेवाली है, परंतु ऐसी अनुमति देने से पहले संबंधित महापालिका आयुक्त पर अंकुश लाने की आवश्यकता है, ऐसा सुनील प्रभु ने कहा महाराष्ट्र नागरिक क्षेत्र पेड़ संरक्षण व जतन संशोधन विधेयक २०२३ पर चर्चा के दौरान सुनील प्रभु ने कहा।

विकास के नाम पर पर्यावरण की धज्जियां उड़ाकर पेड़ों का कत्ल किया जा रहा है, यह दावा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के विधायक रविंद्र वायकर ने किया। जोगेश्वरी विधानसभा क्षेत्र में एक विकासक ने शुरू में विकास करते समय भूखंड पर २१२ पेड़ दिखाए। प्रत्यक्ष रूप से विकास का काम शुरू करते समय वर्ष २०२१ में केवल ११० पेड़ दिखाए, बाकी भूखंड पर जो १०२ पेड़ थे वे कहां गए? ऐसा सवाल उन्होंने सदन में किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की धज्जियां उड़ाकर पेड़ काटे जा रहे हैं। इसी तरह जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड चौड़ीकरण और मेट्रो कार्य में संबंधित विभाग द्वारा दी गई अनुमति से अधिक १५० से २०० पेड़ काटे गए। दोनों मामलों में मनपा के पार्क विभाग ने मेघवाड़ी और एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत किए दो महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक इन दोनों घटनाओं में दोषियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विकास कार्य के दौरान काटे गए पेड़ों को दोबारा लगाया गया है। वह जीवित हैं या नहीं, इसकी जांच करने की कोई व्यवस्था नहीं है।

# मुख्यमंत्री के काफिले में घुसी कार... ड्राइवर पर एफआईआर हुई दर्ज




**मुंबई** : बांद्रा पुलिस ने गुरुवार को हुए दो अलग-अलग घटनाओं में दो कार चालकों पर एफआईआर दर्ज किया है। पहले मामले में, एक मर्सिडीज के चालक को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह टोल गेट से तेजी से निकलने की कोशिश में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के काफिले के रास्ते में आ गया। वहीं दूसरे मामले में एक अज्ञात मोटर चालक और उसके दोस्तों ने बांद्रा वर्ली सी लिंक पर अपनी कार रोकी और सेल्फी लेने लगे। पहले मामले में जीपी रज्जाक नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ दिया गया है। मामला है गुरुवार का जब बांद्रा वर्ली सी लिंक (बीडब्ल्यूएसएल) टोल पर लेन से कूदकर मुख्यमंत्री शिंदे के काफिले में एक कार शामिल हो गई। जिंसके बाद आदेशों का पालन न करने, बाधा डालने, जानकारी देने से इनकार करने और लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया था। रात करीब 11.45 बजे बांद्रा पुलिस ने उसी दिन उसे गिरफ्तार कर लिया और अगले दिन जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### काफिले में शामिल हुए ड्राइवर पर एफआईआर

पुलिस को दिए गए उपने बयान में रज्जाक ने कहा कि उनका इरादा सीएम के काफिले का पीछा करने का नहीं था। उसने यह सोचा कि काफिला खत्म हो गया है और वह जल्द से जल्द टोल गेट पार करना चाहता था। उस समय उस कर के मालिक कार में सवार थे। वे दक्षिण मुंबई की ओर अपने घर वापस जा रहे थे। कार चालक को वर्ली की तरफ रुकाया गया। जिंसके बाद यह कार्रवाई हुई है। रज्जाक पर मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 188, 336 के साथ-साथ मोटर वाहन की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### सेल्फी लेनेवाले कार चालक पर भी कार्रवाई

दूसरा मामला बांद्रावर्ली सी लिंक का है। जब सी लिंक पर मर्सडीज कार रुकाकर एक व्यक्ति सेल्फी ले रहा था। यहां कर रुकाकर सेल्फी लेना नियम के विरुद्ध है। इसीकी फोटो ट्विटर पर डाली। जिंसके बाद बांद्रा पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की है ।एक अधिकारी ने बताया कि हमने ट्विटर पर दी गई तस्वीर से वाहन का नंबर नोट कर लिया है, और आरटीओ से उसका विवरण मांगा है। सीसीटीवी फुटेज की जांच करके घटना की पुष्टि भी की है।

# शरद पवार के पुणे में पीएम मोदी के साथ मंच साझा करने की तैयारी से इंडिया ब्लॉक के नेता नाराज





भले ही भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन की तीसरी बैठक 25 और 26 अगस्त को मुंबई में होने वाली है, लेकिन शुक्रवार को ब्लॉक के कुछ नेताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) पर चिंता जताई। सुप्रीमो शरद पवार 1 अगस्त को महाराष्ट्र के पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि शुक्रवार को इंडिया ब्लॉक के फ्लोर लीडर्स की बैठक के दौरान, कुछ सदस्यों ने उस समारोह के मुख्य अतिथि होने पर पवार के बारे में चिंता जताई, जिसमें मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

सूत्र ने कहा कि ऐसे सुझाव थे कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राकांपा नेता से बात कर उनसे समारोह में शामिल नहीं होने का अनुरोध कर सकते हैं। सूत्र ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के कुछ नेताओं को लगा कि जब समान विचारधारा वाले विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं, तो प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा करने से पवार का बुरा प्रभाव पड़ेगा। सूत्र ने यह भी कहा कि मोदी के साथ मंच साझा करके, पवार इंडिया ब्लॉक की छवि को नुकसान पहुंचाएंगे, जिसे बनाने में बहुत प्रयास करना पड़ा है और इससे लोगों के बीच एक गलत संदेश भी जाएगा क्योंकि प्रधान मंत्री मोदी ने भारत पर हमला किया है। इसकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी और आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से की जाती है। एनसीपी प्रमुख को तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पवार मोदी को पुरस्कार सौंपेंगे। इस बीच, इंडिया की तीसरी बैठक 25 और 26 अगस्त को मुंबई में होगी और शिवसेना (यूबीटी) और पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी मेजबान होगी।

# चुंगी नाकों पर मनपा तैयार करेगी परिवहन और व्यवसायिक हब

## मानखूर्द और दहिसर में तैयार होगा खर्च होंगे 1232 करोड़....

मुंबई : मुंबई शहर के प्रवेश द्वार पर बने चुंगी नाकों पर मनपा परिवहन हब और वायवसायिक हब बनाने का निर्णय लिया है। मनपा ने मानखुर्द और दहिसर में व्यावसायिक और परिवहन हब बनाने के लिए पांच सितारा होटल और क्न्वेनशन सेंटर मालिको से सुझाव और सिफारिश मंगाया है । मनपा इन दोनो स्थानों पर परिवहन और व्यासायिक हब बनाने के लिए 1232 करोड़ रुपया खर्च करने की योजना बनाई है। बता दे कि मनपा प्रशासन ने वर्ष 2017 में चुंगी बंद कर जी एस टी लागू करने के बाद से पांच चुंगी नाकों की जमीन खाली पड़ी थी।



इन जमीनों का उपयोग फिलहाल मेट्रो बनाने के लिए किया जा रहा था।मनपा ने अपने चुंगी नाकों का विकास कर अपनी कमाई बढ़ाने की ओर काफी दिनों से विचार कर रही थी।चुंगी नाकों पर परिवहन हब बनाकर मुंबई के बाहर से आने वाले बड़े वाहनों पर मुंबई में प्रवेश पर रोक लगाकर ट्रैफिक समस्या पर भी निजात दिलाना था। मनपा ने मानखुर्द स्थित सायन पनवेल मार्ग पर और पश्चिम एक्सप्रेस हाइवे पर बने चुंगी नाकों का विकास परिवहन हब और कन्वेंशन सेंटर के रूप में करने के लिए लिया है।मनपा ने इसके लिए होटल व्यवसाई और कन्वेंशन सेंटर मालिको से सुझाव मांगा है । मनपा दहिसर स्थित चुंगी नाके की जमीन पर 992 करोड़ रुपया खर्च कर एक बड़ा परिवहन हब और कन्वेंशन सेंटर बनाने का निर्णय लिया है।दहिसर स्थित चुंगी नाके पर बनने वाला हब गुजरात की ओर से आने वाले वाहनों के मुंबई में आने पर लगाम लगेगी। दहिसर का चुंगी नाका कुल 18869 वर्ग मीटर में यह हब बनाने का निर्णय लिया जबकि मानखूर्द में 29 774 वर्ग मीटर में हब तैयार करेगी।बता दे कि मनपा के कुल 5 चुंगी नाका दहिसर ,मुलुंड, एरोली,वाशी, मानखुर्द में थे। मनपा अभी फिलहाल दहिसर और मानखूर्द के चुंगी नाकों का विकास करने का निर्णय लिया है।प्रस्तावित पारगमन केंद्रों की परिकल्पना शहर के भीतर निर्बाध आवाजाही के लिए परिवहन साधनों के एकीकरण के साथ मिश्रित विकास के रूप में की गई है। गुजरात/राजस्थान की ओर से आने वाली सभी बसों को दहिसर पर समाप्त किया जाएगा और पुणे/गोवा की ओर से आने वाली बसों को मानखुर्द साइट पर समाप्त किया जाएगा।

यहाँ से यात्रियों को स्थानीय परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि शहर में भीड़भाड़ न हो। नागरिक अधिकारी यह सुनिश्चित करने की भी योजना बना रहे हैं कि प्रस्तावित विकास से निर्माण और परिचालन चरण के दौरान यातायात की समस्या पैदा नहीं होगी और सलाहकार भीड़ कम करने और यातायात के सुचारू प्रवाह को बनाए रखने के लिए परिवहन योजना समाधान की सिफारिश करेगा।

"परियोजना के डिजाइन से मुंबई की पहचान प्रतिबिंबित होने की उम्मीद है। विकास में एक परिवहन केंद्र, वाणिज्यिक स्थान, खुदरा स्थान, मनोरंजक स्थान होंगे जो जनता के लिए रोजगार पैदा करने के साथ-साथ पट्टे / किराए के माध्यम मनपा को राजस्व उत्पन्न करने में मदद होगी इस तरह जानकारी अतिरिक्त आयुक्त पी वेलरासु ने दी। मनपा ने थ्री स्टार से बड़े होटल व्यवसाई और कन्वेंशन सेंटर चलाने वालो से मांगा है सुझाव मनपा प्रशासन ने इस परिसर का विकास करते समय व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए हॅटल व्यवसाइयो से सुझाव माँगा है जिससे उनके मुताबिक व्यवसाय किया जा सके। भाजपा नेता मनोज कोटक ने वर्ष 2017 में चुंगी नाकों पर बस और बड़े वाहनों के लिए परिवहन का अड्डा बनाने की मांग रखी थी।मनपा में भाजपा नेता रहते हुए सांसद मनोज कोटक ने इस परिसर का परिवहन हब बनाने की गुहार लगाई थी।

# बापू पर अभद्र टिप्पणी मामले में संभाजी भिड़े के खिलाफ केस दर्ज...

## अमरावती पुलिस ने की कार्रवाई



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के अमरावती जिले की पुलिस ने महात्मा गांधी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिड़े के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने बताया कि राजापेठ पुलिस ने भिड़े के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव बिगाड़ने लिए हानिकारक कार्य करना) के तहत मामला दर्ज किया है। कांग्रेस ने श्री शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान संगठन के संस्थापक भिडे पर अमरावती जिले में गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण में राष्ट्रपिता के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। विदर्भ के दौरे पर आए भिड़े ने अमरावती के बडनेरा रोड इलाके में भारत मंगल हॉल में एक सभा को संबोधित किया था। इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश सचिव नंदकिशोर कुयाते ने भिड़े के खिलाफ राजापेठ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी। शुक्रवार को महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता बालासाहेब थोराट ने भिड़े के बयान को शर्मनाक बताते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कहा, "संभाजी भिड़े की मानसिकता विकृत है। राष्ट्रपिता के बारे में उनकी टिप्पणियों ने देश को परेशान किया है।

# मुंबई के पूर्व कमिश्नर और सीबीआई अधिकारी के नाम से धोखाधड़ी

## कोर्ट के केस का लिंक भेजने के नाम और धोखाधड़ी




**मुंबई** : जुहू पुलिस ने दो सायबर ठगों को भाईंदर इलाके से गिरफ्तार किया है। दोनों व्यक्तियों में से एक नए दावा किया कि वह मुंबई का पूर्व पुलिस कमिश्नर सुबोध कुमार जायसवाल है। आरोपियों ने खुद को मुंबई पुलिस और सीबीआई का अधिकारी बनकर लोगों के साथ ठगी की है। कुरियर घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए ठगों ने एक महिला के साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम सागर माने (29) और अशोक आचार्य (29) है। अंधेरी में रहनेवाले एक 32 वर्षीय महिला ने जुहू पुलिस थाने में शिकायत दी थी कि दो लोग पुलिस अधिकारी होने का दावा करते हुए उससे सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया। आरोपियों ने महिला को बताया कि वह हवाला से जुड़े मामले में संदेह के घेरे में है, उसे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक कूरियर भेजा गया है। मामले की जांच में उंसके नाम का खुलासा हुआ है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसे पैसे देने होंगे।

### सीबीआई और पुलिस लिखे स्काइप से कॉल

महिला ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि दोनों व्यक्तियों ने आईडी मुंबई पुलिस 221 और मुंबई सीबीआई से उसके साथ अलग-अलग स्काइप कॉल भी किए। जुहू पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उस बैंक खातों की जांच करनी शुरू की जिस अकाउंट में पैसे क्रेडिट हुए थे। उसी बैंक खातों की जानकारी हांसिल कर आरोपियों तक पुलिस पहुंचने में सफल रही। पुलिस ने बताया कि जिस अकाउंट में पैसे गए थे उन्हें अब फ्रिज कर दिया गया है। आरोपियों ने महिला को इतना डरा दिया कि उसने अपना नाम चेक करने के लिए, जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया। उनके अकाउंट से दो लाख रुपये निकल गए। महिला को पता चल गया कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत जुहू पुलिस थाने में की। पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों को पकड़ लिया।

### होटल से हुई गिरफ्तारी

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस ने अपना नेटवर्क दौड़ाया और तकनीकी जानकारी हांसिल कर आरोपियों को मीरा भाईंदर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मीरा भाईंदर के एक होटल में बैठकर इस घटना को अंजाम दे रहे थे। जांच में पता चला है कि आरोपी जिनके अकाउंट में पैसे गए थे, उस अकाउंट में भारत के दूसरे राज्यों से भी पैसे आये थे। जांच में यह भी पता चला है कि राजस्थान और इंदौर में बैठे लोग इस गैंग को चला रहे हैं। दो आरोपी मामले में फरार बताए जा रहे हैं।

### अधिकारी के नाम पर धमाका कर निकाले पैसे

दरअसल आरोपी ने जब महिला को कॉल किया तब बताया कि एक पार्सल है जिसमें उसका नाम है। उस पार्सल पर उसका आधार नंबर लिंक किया गया है। इसलिए इस मामले में उसे आरोपी बनाया गया है। जिसका विवरण पहले ही सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। उन्होंने उससे यह भी कहा कि इस परेशानी से बाहर निकलने का एकमात्र तरीका पैसे देकर मामले को रफ दफा करना है। फोन करनेवाले ने खुद को जायसवाल बताते हुए उन्हें एक लिंक भेजा और कहा कि केस की डिटेल्स वे इस लिंक से देख सकती हैं। वह लिंक देश की शीर्ष अदालत का है। इसके अलावा आरोपियों ने कहा कि मानी लॉन्ड्रिंग मामले में सीबीआई उन्हें गिरफ्तार भी कर सकती है।




दोनों को फांसी नहीं दी तो मैं उनका गला काटूंगा

# दादा बोले- दरिंदों ने 12 साल की पोती से गैंगरेप कर प्राइवेट पार्ट को लकड़ी से किया जख्मी



**रीवा/सतना।** यह गुस्सा है 65 साल के उस बुजुर्ग का है, जिसकी 12 साल की मासूम पोती अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रही है। मासूम की इस हालत के जिम्मेदार वो 2 हैवान हैं, जिन्होंने उसके साथ पहले गैंगरेप किया फिर उसके प्राइवेट पार्ट में 14 इंच लंबी लकड़ी डालकर जंगल में मरने के लिए छोड़ दिया। मासूम रातभर जंगल में तड़पती रही। अभी वह रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में भर्ती है। 5 डॉक्टरों की टीम की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। गैंगरेप करने वाले दोनों आरोपी मैहर पुलिस की गिरफ्त में हैं, जिन्हें सरेआम फांसी पर लटकाने की मांग की जा रही है। सरकार आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की बात कही रही है। वहीं, विपक्ष लगातार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सरकार को इसके लिए जिम्मेदार बता रही है। बच्ची के साथ हुई घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल और थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि आरोपियों को सरेराह फांसी पर लटकाया जाए। बच्ची के साथ हुई घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल और थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि आरोपियों को सरेराह फांसी पर लटकाया जाए।

**इतनी खराब हालत में थी कि लगा मर चुकी है :** सतना जिले के मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर से 500 मीटर दूर कुछ परिवार झोपड़ी बनाकर रहते हैं। ये लोग मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इन्हीं में एक घर पीड़ित परिवार का है। गुरुवार को 12 साल की बच्ची दोपहर में खाना खाने के बाद घर के बाहर खेल रही थी। दो-तीन घंटे तक नजर नहीं आने पर परिवार के सदस्यों ने उसे खोजा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। दादी ने तत्काल बच्ची के दादा को जानकारी भिजवाई। इसके बाद पूरा मोहल्ला बच्ची को खोजने में जुट गया। रातभर वे उसे खोजते रहे। शुक्रवार सुबह भी बच्ची की तलाश जारी रही। करीब 9 बजे मोहल्ले की ही रानी नाम की महिला जंगल की ओर गई तो उसे बच्ची नजर आई। बच्ची मंदिर से करीब आधा किमी दूर बनी गोशाला के आगे पड़ी हुई थी। उसकी हालत इतनी खराब थी, उसने परिवार को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्हें लगा कि बच्ची की मौत हो चुकी है। आक्रोशित भीड़ बच्ची को मैहर थाने लेकर पहुंची, जहां से पुलिस बच्ची की हालत देखकर उसे अस्पताल लेकर पहुंची। यहां पता चला कि वह जिंदा है और उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाली गई है। मैहर में डॉ. सीमांका गर्ग ने उसका प्राथमिक इलाज किया। उसकी हालत को देखते हुए उसे सतना जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सीएमओ संजय गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉ. यत्नेश त्रिपाठी का कहना है कि सतना जिला अस्पताल से बच्ची को रीवा मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया था। उसके साथ रेप हुआ है। पुलिस ने बच्ची को मैहर अस्पताल में भर्ती करवाया और उग्र भीड़ को शांत किया। यहां से बच्ची को सतना जिला अस्पताल ले जाया गया था। फिर रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बच्ची को मैहर अस्पताल में भर्ती करवाया और उग्र भीड़ को शांत किया। यहां से बच्ची को सतना जिला अस्पताल ले जाया गया था। फिर रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। निर्भया जैसे कांड की पुनरावृत्ति करने वाले दोनों आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 अगस्त तक न्यायिक अभिरक्षा में मैहर उप जेल भेज दिया गया है। इस घिनौनी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मैहर मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारी थे। दोनों आरोपियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अतुल बढोलिया पिता सुरेश बढोलिया उसी गोशाला के काम करता था, जिसके पास जंगल में उसने रवि कुमार रवि पिता बिहारीलाल के साथ मिलकर नाबालिग के साथ दरिंदगी दिखाई। जबकि रवि समिति में लेबर था। अतुल के पिता नगर रक्षा समिति के अध्यक्ष रहे हैं। उसका घर घटनास्थल से लगभग 3 किमी दूर किला रोड पर है, जबकि आरोपी रवि अरकंडी का रहने वाला है। दोनों के पक्के घर बने हुए हैं। पीड़िता का परिवार झुग्गी बस्ती में निवास करता है। पिता का दो साल पहले निधन हो चुका है। उन्हें टीबी की बीमारी थी। ऐसे में बच्ची अपनी मां, दादा-दादी और 6 साल की छोटी बहन के साथ यहां रहती है।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में मोबाइल पूरी तरह रहेगा प्रतिबंधित




**भोपाल ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस साल मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक के साथ कोई भी कर्मचारी मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। सभी के मोबाइल मुख्य प्रवेश द्वार पर ही जमा किए जाएंगे। यदि कोई भी मोबाइल के साथ पाया गया तो कार्रवाई के साथ सजा का प्रविधान भी होगा।

माशिमं ने यह व्यवस्था हर साल होने वाले प्रश्नपत्र लीक से निपटने के लिए की है। इसके अलावा अगर किसी के मोबाइल से प्रश्नपत्र लीक करने का मामला सामने आता है तो 10 लाख रुपये जुर्माना और 10 साल की सजा भी भुगतनी पड़ेगी। इसके प्रविधान किए जा चुके हैं।

यह निर्णय हाल ही में हुई बोर्ड की कार्यपालिका समिति की बैठक में लिया गया है। माशिमं ने परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। दरअसल, पिछले साल मप्र 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 15 से अधिक विषयों के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया था। मंडल ने निरीक्षण में पाया था कि मोबाइल से प्रश्नपत्र का फोटो खींचकर वायरल किया गया था। समिति के सदस्यों का मानना है कि पुलिस थाना से लेकर परीक्षा कक्ष तक प्रश्न-पत्र खोलने के दौरान मोबाइल से फोटो खींचकर वायरल होने का मामला सामने आ चुका है। इस बार कलेक्टर प्रतिनिधि की निगरानी में केंद्राध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रश्नपत्र का बंडल खोला जाएगा।

इसके बाद विद्यार्थियों को बांटा जाएगा। पिछले साल प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में मोबाइल से फोटो खींचकर वायरल करने का मामला सामने आया।

इस कारण इस बार परीक्षा केंद्रों के बाहर ही मोबाइल जमा होंगे। अभी यह तय नहीं हो पाया है कि नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर क्या कार्रवाई होगी।

## मोहर्रम का जुलूस तिरंगा लहराकर हुई शुरुआत

**भोपाल।** भोपाल में शनिवार को मोहर्रम पर परम्परागत विशाल जुलूस निकला। इस दौरान सैकड़ों ?ताज़िये, बुर्राक़, सवारियां, इस्लामी परचम के निशानों के साथ यह जुलूस शहर के कई इलाकों से होता हुआ वीआईपी रोड स्थित करबला पहुंचे। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी,ढ्ढस्रङ्ख के तत्वावधन में हर वर्ष की भांति इस बार भी पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.अ.व) साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत की यादगार मोहर्रम योम-ए-आशुरा पर विशाल परम्परागत जुलूस निकाला गया, जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। इस दौरान सेफिया कॉलेज स्थित बोहरा समाज ने भी जुलूस के लिए सबीलें लगाई। यहां मौजूद हाशिम अली ने बताया कि वह करीब 12 साल से इस तरह से जुलूस का स्वागत कर रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीरज़ादा डॉ. औसाफ़ शाहमीर खुर्रम ने बताया कि आज सुबह मोहर्रम का मुख्य जुलुस इमामबाड़ा, इरानियान रेलवे स्टेशन तथा इमामबाड़ा काज़ी कैंप और इमामबाड़ा भानपुर ,करोद ,गांधी नगर ,आरिफ नगर छोला, नारियल खेड़ा, जे,पी नगर आदि जत्थे, सैफ़िया कॉलेज चौराहे पर आकर मिलेंगे।

काला, सफेद और पीले टाइगर वाला इंदौर चिड़ियाघर इकलौता

# अंबानी के पार्क में भेजने के बाद 8 ही टाइगर बचे; इंटरनेशनल टाइगर डे विशेष

**इंदौर।** इंटरनेशनल टाइगर डे पर आज बात शहर के प्राणी संग्रहालय की। यहां 2021 में 9 टाइगर थे यह संख्या 2022 में बढ़कर 14 हो गई थी। लेकिन अब साल 2023 में एक बार फिर इनकी संख्या 8 रह गई है। टाइगर की संख्या कम होने का कारण ऐनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम है। इस प्रोग्राम के तहत जनवरी 2023 में इंदौर से 6 टाइगर को मुकेश अंबानी के गुजरात के जामनगर में बनाए गए ग्रीन जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलिटेशन सेंटर पार्क भेजा गया है। इंदौर कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में मौजूद 8 टाइगर में से 4 बड़े टाइगर और 4 शावक हैं। खास बात यह है कि यहां व्हाइट, यलो और ब्लैक तीनों ही रंग के टाइगर हैं। चिड़ियाघर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार चिड़ियाघर प्रबंधन प्रति टाइगर पर 4 लाख रुपए सालाना खर्च करता है, इसमें उनकी डाइट और मेडिकल ट्रिटमैंट शामिल हैं। जू क्यूरेटर निहार पारूलेकर के अनुसार चिड़ियाघर में मौजूद 8 में से 6 टाइगर ने यहीं जन्म लिया है। इन सभी पर लगभग 30 से 32 लाख रुपए सालाना खर्च किया जा रहा है। वहीं 8 टाइगर में से 3 को अलग-अलग संस्था ने गोद ले रखा है। 2 टाइगर नव और पेहर को पाथ संस्था ने तो वहीं शूरी को पोस्टल विभाग ने गोद लिया हुआ है। इंदौर चिड़ियाघर में मौजूद 8 टाइगर में से सबसे बड़ी मादा टाइगर रागिनी है। रागिनी की उम्र 11 साल है। वहीं इसके बाद विक्की और नव है जिनकी उम्र 6 और 5 साल है। वहीं जमना की उम्र 4.5 साल है। 4 बड़े टाइगर के अलावा चिड़ियाघर में 4 शावक हैं, जिसमें से पेहर और नव 7 माह के हैं। जबकि शूरी 4 माह का है। एक अन्य शावक भी 4 माह का है, जिसका नामकरण अभी बाकी है।इंदौर चिड़ियाघर में मौजूद विक्की नाम का ब्लैक टाइगर इसकी ख़ासियत यह है कि यह देश में जन्मे पहले 4 मैलेस्टिक टाइगर में से एक हैइंदौर चिड़ियाघर में मौजूद विक्की नाम का ब्लैक टाइगर इसकी ख़ासियत यह है कि यह देश में जन्मे पहले 4 मैलेस्टिक टाइगर में से एक है।भारत के पहले मैलेस्टिक टाइगर सहित देश का तीन रंग वाला टाइगर भी इंदौर में मौजूद

# बीजेपी प्रवक्ता को सेक्सटॉर्शन कॉल

**भोपाल।** सियासत इतनी सरल नहीं, जितनी बाहर से दिखाई देती है। यहां विरोधियों से तो निपटना ही पड़ता है। अपनों से भी पार पाने की चुनौती रहती है। सत्ताधारी दल के एक विधायक और संगठन में प्रदेश महामंत्री कुछ इसी तरह की चुनौती से दो-चार हो रहे हैं। उनके खिलाफ उनके ही निर्वाचन क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इतना कि कार्यकर्ता उन्हें वापस घर भेजने के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम तक चला रहे हैं। दरअसल नेता जी अपने गृह क्षेत्र से नहीं, बल्कि दूसरी सीट से निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस सीट से ये इनका लगातार तीसरा चुनाव था। 2008 में परिसीमन के बाद ये अपने गृह क्षेत्र को छोड़कर यहां से चुनाव लड़े। तब महज 847 वोटों से जीते थे, लेकिन अगले ही चुनाव (2013) में 233 वोटों से हार गए। पिछले चुनाव (2018) में कांग्रेस इनके सामने कैंडिडेट ही नहीं उतार पाई। नतीजा ये रहा कि ये करीब 36 हजार वोटों से चुनाव जीत गए। अब 2023 के रण में इसी सीट से उतरने से पहले ये अपनों के निशाने पर आ गए। इनके रवैये से नाराज कार्यकर्ताओं ने इनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कैलाश विजयवर्गीय चौथी बार मध्यप्रदेश महामंत्री बने

# नड्डा की टीम से मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को हटाया



**भोपाल।** कैलाश विजयवर्गीय को फिर महामंत्री की जिम्मेदारी मिली है। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय पदाधिकारियों की नई टीम घोषित की है। टीम में मध्यप्रदेश से तीन नेताओं को उनके पद पर बरकरार रखा गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा की नई टीम में कैलाश विजयवर्गीय राष्ट्रीय महामंत्री बने रहेंगे। इसी तरह सौदान सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश धुर्वे भी राष्ट्रीय सचिव के पद पर बरकरार रहेंगे। सह कोषाध्यक्ष पद से मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को हटाया गया है। कैलाश विजयवर्गीय लगातार चौथी बार क्ष्ख्क्क के राष्ट्रीय महामंत्री बने हैं। वे पार्टी के अकेले ऐसे नेता हैं। पहली बार अमित शाह के अध्यक्ष रहते समय उन्हें महामंत्री बनाया गया था। दो बार वे शाह के साथ महामंत्री रहे। अब जेपी नड्डा ने भी उन्हें अपने कार्यकाल में दोबारा महामंत्री बनाया है। मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए विजयवर्गीय पर केंद्रीय नेतृत्व का भरोसा बना हुआ है। सौदान सिंह और ओमप्रकाश धुर्वे को पिछले पदों पर बरकरार रखा गया है। मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। सौदान सिंह और ओमप्रकाश धुर्वे को पिछले पदों पर बरकरार रखा गया है। मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश से जेपी नड्डा की टीम में शामिल मंदसौर के सांसद सुधीर गुप्ता की नई टीम में राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष पद से छुट्टी की गई है। सूत्रों की मानें तो गुप्ता की परफॉरमेंस से नेतृत्व संतुष्ट नहीं था। इस वजह से उन्हें हटाया गया है। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहे ओमप्रकाश धुर्वे को भी जेपी नड्?डा की टीम में बरकरार रखा गया है। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए धुर्वे को फिर रिपीट किया गया है। डिंडौरी जिले के रहने वाले ओमप्रकाश धुर्वे को स्ब्क्क के साथ ही छत्तीसगढ़ और राजस्थान के आदिवासी इलाकों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी मिल सकती है।क्ष्ख्क्क के दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने सौदान सिंह मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के कागपुर गांव के रहने वाले हैं। क्ष्ख्क्क के संगठन में मजबूत पकड़ रखने वाले सौदान सिंह स्ब्क्क के साथ ही छत्तीसगढ़, राजस्थान में अच्छी पकड़ रखते हैं। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें फिर उपाध्यक्ष बनाया गया है।




# 'बवाल' पर बवाल

**वरुण** धवन और जाह्नवी कपूर की ओटीटी पर हालिया रिलीज फिल्म 'बवाल' को लेकर बवाल शुरू हो गया है। एक ओर दोनों एक्टर्स को उनकी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिल रही है, तो दूसरी ओर इजराइल एम्बेसी ने इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के कुछ सीन्स पर आपत्ति जताई है। नितेश तिवारी की निर्देशित फिल्म 'बवाल' को सेलेब्स का पॉजिटिव रिव्यू मिला है। कुछ दिनों पहले वरुण ने बताया था कि पहली बार उन्हें किसी फिल्म के लिए ढेर सारे कॉल आए। जहां दोनों सितारों को अपनी-अपनी परफॉर्मेंस के लिए वाहवाही मिल रही है, वहीं इजराइल एम्बेसी ने वर्ल्ड वॉर 2 वाले सीन पर आपत्ति जताई है। दरअसल, फिल्म में वैवाहिक कलह की तुलना ऑशविट्ज से और लालची लोगों की तुलना हिटलर से की गई है। इसी पर विवाद है।



# ओएमजी 2 में वेदिका नवानी ने कैसे शूट किया पीरियड्स पर सीन...

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म 'ओएमजी 2' बहुत जल्द थिएटर्स में दस्तक देने वाली है. फिल्म को सेंसर बोर्ड की रिवाइजिंग कमेटी ने 20 एडिट के साथ 'ए' सर्टिफिकेट दिया है. हालांकि इसके बाद मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट बदलने के बारे में सोच रहे हैं. इसी बीच फिल्म में नजर आने वाली एक्ट्रेस वेदिका नवानी ने फिल्म को लेकर खुलकर बात करते हुए कई बड़े बयान दिए हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया से फिल्म के विवाद के बारे में बात करते हुए वेदिका ने कहा, ''फिल्म जिस विषय पर बनी है उसपर विवाद होना तो तय ही था. लेकिन मैं फिल्म को लेकर बहुत एक्साइटिड हूं, क्योंकि इसका उद्देश्य बहुत अच्छा है..'' वहीं फिल्म में यौन शिक्षा के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं माध्यमिक विद्यालय में थी, और तब मेरे साइंस सबजेक्ट में प्रजनन अंगों के बारे में एक अध्याय था. मैं उसे पढ़ते हुए बहुत हैरान थी साथ ही मुझे काफी शर्म भी आ रही थी. ''

इस इंटरव्यू में वेदिका ने पीरियड्स को लेकर बात करते हुए कहा कि, ''ओएमजी 2 भी मासिक धर्म चक्र पर बात की गई है. लेकिन जब उन सीन की शूटिंग हो रही थी तो सभी चीजों का बहुत अच्छे से ध्यान रखा गया. जिसकी वजह से मुझे शूटिंग करने में बिल्कुल भी अजीब महसूस नहीं हुआ. बता दें कि इस फिल्म में अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी के अलावा अरुण गोविल, गोविंद नामदेव भी और यामी गौतम भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं. बता दें कि ये फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है, लेकिन सीबीएफसी द्वारा सुझाए गए इतने सारे बदलावों के साथ मेकर्स का इसे तय तारीख पर रिलीज करना थोड़ा मुश्किल लग रहा है. हालांकि जब ईटाइम्स ने निमार्ताओं में से एक अश्विन वर्दे से इस मामले में बात की तो उन्होंने ये पुष्टि की कि फिल्म दी गई तारीख यानि 11 अगस्त को ही रिलीज की जाएगी.






# करीना की आलोचना पर सुजैन ने बजाई ताली



**बॉलीवुड** एक्टर ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान ने एक्ट्रेस करीना कपूर की आलोचना करने के लिए इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की तारीफ की है। हाल ही में एक पुराने वीडियो में नारायण मूर्ति ने बताया कि कैसे करीना कपूर ने फ्लाइट में अपने फैन्स को नजरअंदाज किया। IIT-कानपुर में बातचीत के दौरान, उन्होंने उस घटना का जिक्र किया था और करीना कपूर की कमियां गिनाई थीं। वीडियो में नारायण मूर्ति ने कहा था, 'उस दिन मैं लंदन से आ रहा था और मेरे बगल वाली सीट पर करीना कपूर बैठी थीं। इतने सारे लोग उसके पास आए और उन्होंने नमस्ते कहा। उसने प्रतिक्रिया देने की जहमत भी नहीं उठाई। मुझे थोड़ा आश्चर्य हुआ। जो कोई भी मेरे पास आया, मैं खड़ा हो गया, और हमने एक मिनट या आधे मिनट तक बात की और वो लोग उसी की उम्मीद कर रहे थे।' उनके बगल में बैठी उनकी पत्नी सुधा मूर्ति ने एक्ट्रेस का बचाव करने की कोशिश की। सुधा ने कहा, 'उनके लाखों फैन्स हैं। वह थक गई होंगी। अब ये वीडियो वायरल हुआ। सबने अपने रिएक्शन दिए। ऋतिक रोशन की पत्नी सुजैन खान ने भी रिएक्ट किया। लिखा, 'बहुत बढ़िया कहा मिस्टर मूर्ति (ताली बजाने वाले इमोजी)।' रितिक और करीना के एक-दूसरे को डेट करने की अफवाहें भी उड़ी थीं। कहा गया था करण जौहर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' (2001) के वक्त दोनों करीब आ गए थे। इसके अलावा उन्होंने 'यादें' (2001) और 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' (2003) में काम किया था।



# 'रानी' के 'रॉकी' पर आया सारा का दिल

**बॉलीवुड** फिल्म मेकर करण जौहर अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को लेकर काफी चर्चे में हैं। उनकी इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म में अनन्या पांडे, वरुण धवन और सारा अली खान कैमियो रोल में नजर आ रहे हैं।



सिंबा अभिनेत्री सारा अली खान ने फिल्म से गाने की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने को-स्टार की तारीफ की और उनकी सफलता की कामना की। सारा ने लिखा कि मेरा सिम्बा, सबका रॉकी। दहाड़ते रहो। सिंबा में दोनों की जबर्दस्त केमिस्ट्री देखने को मिली थी। फिल्म में अपने डांस नंबर 'आंख मारे' से दोनों ने स्क्रीन पर आग लगा दी थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह पुलिस अप्सर के किरदार में नजर आए थे। गौरतलब है कि करण जौहर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से सात साल बाद निर्देशक की गद्दी पर वापस लौटे हैं।

# कंगना ने खोला काला चिट्ठा!

**बॉलीवुड** की बेधड़क और बेबाक एक्ट्रेस कही जाने वाली कंगना रनोट अक्सर किसी न किसी सिलेब्रिटी पर तंज कसती रहती हैं। वह निडर होकर उनके मन में जो कुछ भी होता है, वह कह देती हैं। कंगना को अक्सर बिना नाम लिए कुछ स्टार्स की निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए देखा गया है। एक बार फिर उन्होंने ऐसा ही कुछ किया। 'क्वीन' एक्ट्रेस कंगना रनोट ने रविवार को कुछ पोस्ट शेयर किए, जिसके बाद बिना किसी का नाम लिए इंडस्ट्री के दो बड़े एक्टर्स पर निशाना साधा। उनके पोस्ट से क्लियर है कि उन्होंने ऋतिक रोशन और रणबीर कपूर पर तंज कसा है। एक्ट्रेस ने इंस्टा स्टोरी पर कुछ स्क्रीनशॉट शेयर किए और बताया कि कैसे एक स्कैम चल रहा है, जिसमें लोगों का अकाउंट हैक करने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। कंगना ने कहा, "आज सुबह, यह मेरे ध्यान में लाया गया है कि फिल्म माफिया एक रैकेट चला रहा है, जो मेरे नाम पर अकाउंट हैक कर रहा है।" इसके बाद उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, "मेरे पास कुछ भी नहीं है। इस व्यक्ति के साथ संबंध रखने के लिए और ऐसे कोई ऑनलाइन मैनेजर नहीं है, ये चंगु मंगु गैंग है... जिसकी फिल्म छुट्टी के दिन भी मणिकर्णिका (18 करोड़ रुपये) के ओपनिंग कलेक्शन तक नहीं पहुंच सकी। लोग उनके झांसे में नहीं आने वाले।"



एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, "एक और सुपरस्टार जिसे वुमनाइजर कहा जाता है, वह मेरे घर पर आया और मुझे उसे डेट करने की भीख मांगने लगा और मुझसे गुप्त तरीके से मिलने लगा। जब मैंने उसके बिहेवियर पर सवाल उठाए, तो कहा कि उसे पापा की परी को डेट करने के बदले में ट्राईलॉजी ऑफर की गई है, जबकि वह उसे प्यार ही नहीं करता। मैं इस बात से सहमत नहीं थी और उसके ऑफर को रिजेक्ट कर दिया। वह भी दूसरे नंबर और अकाउंट से बातें करने लगा जब तक कि मैंने उसे ब्लॉक नहीं कर दिया। मुझे लगा उसने मेरे सारे डिवाइस को हैक कर लिया है...।"
कंगना यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने आगे लिखा, "उसने यह तक कहा कि उसकी शादी फेक है और बच्चा सिर्फ फिल्म को प्रमोट करने की ट्रिक है...मैं हैरत में पड़ गई...मैं यकीन नहीं कर सकती कि कोई इतना मॉरली करप्ट हो सकता है, ये इंसान नहीं हैं, जानवर हैं...इसलिए मैं इन्हें बर्बाद करना चाहती हूं...धर्मा का असल मकसद अधर्म को बर्बाद करना है...यही श्रीकृष्ण ने गीता में कहा था।"

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com